निष्पक्ष नजर, निष्पक्ष खबर

दैनिक दबंग दुनिया

इंदौर, सोमवार 20 जनवरी 2014

'सेंसीटाइजिंग फोर सिक्योर साइबर यूज' पर सेमिनार

किसी पर ब्लाइंडली न करें ट्रस्ट

दबंग रिपोर्टर ▸ इंदौर

जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल द्वारा रविवार को 'सेंसीटाइजिंग फोर सिक्योर साइबर यूज' पर होटल फॉर्च्यून लैंडमार्क में सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि आईजी वरुण कपूर और डीएसपी साइबर क्राइम सुदीप गोयनका ने साइबर क्राइम और सोशल नेटवर्किंग जैसे विषयों के बारे में पैरेंट्स और स्टूडेंट्स को जागरूक किया। उन्होंने बताया जब भी सोशल नेटवर्किंग साइट्स का प्रयोग करें तो एक बात का ध्यान हमेशा रखें उस पर ब्लाइंडली ट्रस्ट न करें, जरूरी नहीं कि वो जो जानकारी आपको दे रहा है वो सब सही है।

आप उसे नहीं जानते हैं, इसलिए ऐसे लोगों पर भरोसा करने के बजाए जो लोग आपकी जिंदगी में हैं उन पर भरोसा करें। सबसे ज्यादा अपने पैरेंट्स पर। अपने पैरेंट्स से चीजें शेयर करें। पैरेंट्स को भी चाहिए वे बच्चों पर भरोसा करें और उनसे फ्रेंडली रहें। इस मौके पर बच्चों ने एक्सपर्ट से कई सवाल पूछे। बेस्ट क्वेश्चन पूछने वाले स्टूडेंट को सम्मानित किया गया।